# प्रसार भारती

## भारतीय प्रसारण निगम

## आकाशवाणी केन्द्र शिमला

## 05.01.2025/प्रादेशिक समाचार/11.00 बजे

.....

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार ढली नारकंडा सड़क को फोरलेन बनाने के लिए प्रयासरत है जिसमें सुंरगों के निर्माण का प्रावधान भी शामिल है। कल शिमला जिले के फागू में कल लगभग पौने दो करोड़ रूपये की लागत से निर्मित लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह का उदघाटन करने के अवसर पर उन्होंने ये बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस फोरलेन राजमार्ग के निर्माण से क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और किसानों व बागवानों को फायदा पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत है और फागू क्षेत्र को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है। ग्रामीण विकास व पंचायतीराज मंत्री, अनिरूद्ध सिंह, स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री धनीराम शांडिल सहित अन्य गणमान्य लोग इस अवसर पर मौजूद रहे।

.....

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि बेहतर समाज के निर्माण में शिक्षा की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सरकारी विद्यालयों में बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। विधानसभा अध्यक्ष कल चम्बा जिला के चुवाड़ी में एक निजी स्कूल के वार्षिक समारोह को संबोधित कर रहे थे। विधानसभा अध्यक्ष ने भटियात विधानसभा क्षेत्र में जारी विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि चुवाड़ी में मिनी खेल स्टेडियम का निर्माण कार्य अगले दो माह के भीतर शुरू किया जाएगा।

......

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कल कुल्लू जिले के बंजार के तांदी में अग्निकांड प्रभावितों से मुलाकात की । उन्होंने कहा कि पर्यटन की दृष्टि से इस गांव की एक अलग पहचान थी लेकिन यहां अब कुछ नहीं बचा। जयराम ठाकुर ने कहा कि उन्होंने केंद्रीय शहरी विकास एवं उर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर से प्रभावित परिवारों की मदद के लिए अनुरोध किया है। जयराम ठाकुर ने सभी प्रभावित परिवारों को आवश्यक सामग्री भी वितरित की और उन्हें हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

......

शिमला जिला के  रोहडू उपमंडल के दलगांव में भूंडा महायज्ञ कल सम्पन्न हो गया है। लगभग 4 दशक बाद ये महायज्ञ आयोजित किया गया। महायज्ञ की मुख्य रस्म बेड़ा कल निभाई गई। जिसमें सूरतराम ने एक विशेष रस्म में घास की लंबी रस्सी पर लकड़ी की काठी पर फिसलकर एक छोर से दूसरे छोर को सकुशल पार किया। स्पैल घाटी में हुए इस पवित्र आयोजन के हजारों देवलु और श्रद्धालु गवाह बने। इस प्रक्रिया में ढोल नगाड़ों और बाद्य यत्रों की पारम्परिक धुनों और देवता के जयकारों से माहौल गूंज उठा।

......

विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार ने कहा है कि वर्तमान प्रदेश सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन से हिमाचल को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिया है और मुख्यमंत्री द्वारा किए जा रहे प्रयासों के परिणामस्वरूप प्रदेश की अर्थव्यवस्था में सुधार हो रहा है। ये बात कल उन्होंने सिरमौर जिले के राजगढ़ में कानूनगो भवन का लोकार्पण और नगर पंचायत के ठोस अपशिष्ट प्रबंधन संयंत्र की आधारशिला रखने के बाद लोगों को संबोधित करते हुए कही। विनय कुमार ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए सरकार प्राकृतिक खेती से उगाई गई गेहूं को 40 रुपये जबकि मक्की को 30 रुपये प्रति किलो के दाम पर खरीद रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़े बदलाव किए है जिसके अच्छे परिणाम सामने आए हैं।

......

प्रदेश में निजी भूमि पर वर्ष में 13 नहीं बल्कि 3 प्रजाति के पेड़ काटने की  अनुमति होगी । सरकार द्वारा इस संबंध में कल अधिसूचना जारी की गई है। अधिसूचना के मुताबिक सफेदा, पॉपलर और बांस को काटने की अनुमति प्रदान की गई है। 3 से अधिक पेड़ काटने के लिए वनमंडल अधिकारी से अनुमति लेना अनिवार्य होगा।

......

55वां पूर्ण राज्यत्व दिवस कांगड़ा ज़िला के बैजनाथ में आयोजित किया जायेगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे और इस अवसर पर प्रदेशवासियों को संबोधित करेंगे। इस संबध में सामान्य प्रशासन विभाग ने उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक को तैयारियां करने के दिशा निर्देश जारी कर दिए है।

......

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज बादल छाये हुए हैं। प्रदेश  में पिछले कई दिनों से मौसम साफ रहने से न्यूनतम और अधिकतम तापमान में सामान्य से 4 से 7 डिग्री सैल्सियस तक वृद्धि दर्ज की गई है। शिमला शहर में 4 जनवरी को अब तक का सर्वाधिक तापमान 23 दशमलव एक डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया ।हालांकि मौसम विभाग ने आज से प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने का पूर्वानुमान  लगाया है इससे  आने वाले दो दिनों में राज्य के ऊंचाई वाले अधिकतर इलाकों में  बर्फबारी और अन्य क्षेत्रों में बारिश की संभावना है।

**इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ हमारा अगला बुलेटिन आप सुन सकते है दोपहर 3 बजे।** नमस्कार।